क्रमांक	भवन/भू-खण्ड	पार्किंग स्थान ECU (Equivalent Car Unit)
1	2	3
1	ग्रुप हाउसिंग योजना	एक ECU प्रति 80 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
2	संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन	एक ECU प्रति 100 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
3	औद्योगिक भवन	एक ECU प्रति 100 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
4	व्यावसायिक भवन	एक ECU प्रति 30 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
5	सामाजिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र	एक ECU प्रति 50 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
6	लाज, अतिथिगृह, हॉस्टल	एक ECU प्रति 2 अतिथि रूम के लिए
7	हॉस्पिटल, नर्सिंग होम	एक ECU प्रति 65 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का
8	सिनेमा, मल्टीप्लेक्स	एक ECU प्रति 15 सीट्स
9	आवासीय भवन	एक ECU प्रति 150 वर्ग मी0 स्वीकृत (FAR) का

(ट) अग्नि शमन पद्धति, अग्नि सुरक्षा एवं सर्विसेस

(1) तीन मंजिला अथवा 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवन और विशिष्ट भवन यथा–संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन, व्यावसायिक भवन, हास्पिटल, नर्सिंग होम, सिनेमा, मल्टी प्लेक्स 400 वर्ग मीटर से अधिक भू-आच्छादन के भवन में अग्नि निकास हेतु एक जीना बाहर की दीवार पर एवं अग्नि सुरक्षा के अन्य सभी प्रावधान करने होंगे। भवन के चारों तरफ बाउन्ड्री दीवार के साथ-साथ छः मीटर चौड़ा मार्ग का प्रावधान करना होगा, जिसमें दमकलों के चालन हेतु कम से कम चार मीटर चौड़ाई का परिवहन मार्ग (Carriage Way) होगा।

(2) अग्नि निकास जीने की न्यूनतम चौड़ाई 1.2 मीटर, ट्रेड की न्यूनतम चौड़ाई 28 सेमी0, राईजर अधिकतम 19 सेमी0, एक फ्लाईट में अधिकतम राईजरों की संख्या 16 तक सीमित होगी।

(3) अग्नि निकास जीने तक पहुँच दूरी 15 मीटर से अधिक न होनी चाहिये।

(4) घुमावदार अग्नि निकास जीने का प्रावधान 10 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों में नहीं किया जायेगा।

(5) उपरोक्त भवनों हेतु अग्निशमन विभाग के सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी।

(6) उपरोक्त भवनों में उ0प्र0 अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम (6), 2005 एवं राष्ट्रीय भवन संहिता (National Building Code), 2005 भाग-4 के अनुसार प्रावधान किया जायेगा जैसे स्वचालित स्प्रिंक्लर पद्धति, फर्स्ट एंड होज रील्स, स्वचालित अग्नि संसूचन और चेतावनी पद्धति, सार्वजनिक संबोधन व्यवस्था, निकास मार्ग के संकेत चिन्ह, फायर मैन, स्विच युक्त फायर लिफ्ट, वेट राइजर डाउन कॉर्नर सिस्टम आदि।

(ठ) इलेक्ट्रिक लाईन से दूरी

क्रमांक	विवरण	उर्ध्वाकार दूरी मीटर	क्षैतिज दूरी मीटर
1	2	3	4
1	लो एण्ड मीडियम वोल्टेज लाईन तथा सर्विस लाईन	2.4	1.2
2	हाई वोल्टेज लाईन 33000 वोल्टेज तक	3.7	1.8
3	एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज लाईन	3.7 + (0.305m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर	1.8 + (0.305m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर

(ड) मोबाइल टावर्स की स्थापना

(क) मोबाइल टावर की स्थापना हेतु भवन स्वामी एवं आवासीय कल्याण समिति (RWA) की अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी।

(ख) जनरेटर केवल साइलेंट प्रकृति के होंगे तथा भू-तल पर ही लगाये जायेंगे।

(ग) यदि टावर का निर्माण भवन की छत पर किया जाता है तो टावर का निचला भाग भवन की छत से न्यूनतम 3.00 मीटर ऊपर होना चाहिए।

(घ) जहां अपेक्षित हो, वहां टावर के निर्माण से पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया/वायुसेना का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(ङ) सेवा आपरेटर कम्पनी और भवन स्वामी को संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि टावर निर्माण के फलस्वरूप आस-पास के भवन एवं जान-माल को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का समस्त दायित्व सम्बन्धित कम्पनी व भवन स्वामी का होगा।

(च) इलेक्ट्रोमेग्नेटिक वेव्स, रेडियों विकिरण, वायब्रेसन (कम्पन) आदि के रूप में होने वाले दुष्परिणामों के नियन्त्रण हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा अन्य शासकीय अभिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

(छ) अनुज्ञा-पत्र जारी करने के लिए सूची (1) के अनुसार जनपदों में प्रथम बार शुल्क के रूप में रु0 1,00,000.00 (एक लाख रुपये मात्र) व अन्य जनपदों में रु0 50,000.00 (पचास हजार रुपये मात्र) जिला पंचायत में जमा कराने होंगे। यह शुल्क एक वर्ष की अवधि के लिये होगा तथा अप्रत्यर्णीय (Non-refundable) होगा। अनुज्ञा के नवीनीकरण के लिए प्रथम बार की शुल्क का 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष जमा कराने होंगे।

(ज) शैक्षणिक संस्था, हास्पिटल, अधिक घनत्व वाली आवासीय बस्ती अथवा धार्मिक भवन/स्थल आदि पर या इनके 100 मीटर के दायरे में मोबाइल टावर की स्थापना नहीं की जायेगी।

(ढ) नक्शे स्वीकृति की दरें

(क) आवासीय भवन एवं शैक्षणिक भवन–

सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर रु0 50.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

(ख) व्यावसायिक एवं व्यापारिक भवन–

सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर रु0 100.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

(ग) [i] भूमि की प्लाटिंग–भूमि को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न आकार के प्लाटों में बांटना।

[ii] भूमि विकास–भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से पार्क, उद्यान बनाना, फार्म हाउस विकसित कराना, नर्सरी लगाना, शादी बैंकट हाल आदि।

[iii] भूमि का उपभोग–भूमि का विभिन्न प्रकार के सामानों के भण्डारण हेतु प्रयोग करना जैसे निर्माण सामग्री, कन्टेनर, ईंधन आर0सी0सी0 पाइप आदि।

[iv] किसी परियोजना का ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र)।

उपरोक्त ग (i) से (iv) तक रु0 20.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

(घ) पुराने भवन को ध्वस्त करने के पश्चात् पुनः निर्माण करने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों के समान होंगी।

(ङ) स्वीकृत भवन के नक्शे में संशोधन होने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों की एक चौथाई होंगी।

(च) बेसमेंट, स्टिल्ट, पोडियम सेवा क्षेत्र व अन्य आच्छादित क्षेत्र की अनुज्ञा शुल्क की गणना की जायेगी।

(छ) यदि स्वीकृति के नवीनीकरण का आवेदन, अनुज्ञा अवधि समाप्ति से पूर्व किया जाता है तो स्वीकृति के नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 10% प्रतिशत होंगी। एक बार में अनुज्ञा की अवधि एक वर्ष व अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 50% होंगी।

(ज) उपविधियों के अनुसार जिला पंचायत से नक्शों की स्वीकृति के बिना निर्माण करने, किसी भूमि पर व्यवसाय करने, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण करने अथवा जिला पंचायत भवन उपविधि की किसी धारा या उपधारा का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड के रूप में समझौता शुल्क (Compounding Fees) रोपित किया जायेगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) प्रस्तावित भवन अथवा ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र) पर परिस्थिति अनुसार कुल शुल्क की गणना का कम से कम 20% से अधिकतम 50% अतिरिक्त होगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) विभाग में जमा होने के उपरान्त पूर्व में निर्मित भवन के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समझौता की कार्यवाही अधिनियम की धारा 248 में दी गई व्यवस्था से नियन्त्रित होगी।

(झ) पूर्णतया प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) जारी करने की दरें रु0 20 प्रति वर्ग मीटर होंगी।

(ण) बाउन्ड्रीवाल स्वीकृति की दरें रु0 10.00 प्रति वर्गमीटर होगी।

नोट–शुल्क निर्धारण हेतु, भवन के सभी तलों पर फर्श के कुल क्षेत्रफल की गणना करनी होगी।

(ण) अनुज्ञा-पत्र जारी करने की प्रक्रिया

1–स्वामी द्वारा आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तावित भवन/परियोजना के नक्शें एवं स्वामित्व के भू-अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के कार्यालय में जमा किये जायेंगे एवं आवेदक को इस प्रस्तुतिकरण की दिनांकित पावती दी जायेगी।

2–ऐसे आवेदन-पत्र एवं उसके साथ संलग्नकों को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल कार्य अधिकारी को भू-अभिलेख के परीक्षण हेतु पृष्ठांकित कर देगा।

3–कार्य अधिकारी ऐसे प्राप्त आवेदन पर उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करके अधिकतम एक सप्ताह में सम्बन्धित अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को प्रस्तुत कर देगा। कार्य अधिकारी की तैनाती न होने की दशा में उपरोक्त कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्वयं की जायेगी।

4–कार्य अधिकारी से प्राप्त आख्या को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल अभियन्ता, जिला पंचायत को पृष्ठांकित कर देगा।

5–अभियन्ता द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु निदेशित (Designated) अवर अभियन्ता को स्थल के सर्वेक्षण हेतु आदेशित किया जायेगा।

6–अवर अभियन्ता द्वारा स्थल सर्वेक्षण की आख्या अधिकतम एक सप्ताह में अभियन्ता, जिला पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

7–अवर अभियन्ता से सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त बहुमंजिली भवन, व्यवसायिक भवन, संकटमय भवन एवं शैक्षणिक भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के नक्शा पारित करने से पहले अभियन्ता जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थल का सर्वेक्षण अनिवार्य होगा।

8–अभियन्ता द्वारा स्थल की सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त सर्वेक्षण आख्या का परीक्षण किया जायेगा। परियोजना के नक्शों की स्वीकृति हेतु अवर अभियन्ता से एक अंतरिम शुल्क की गणना करके अपर मुख्य

अधिकारी, जिला पंचायत को सूचित किया जायेगा। आवेदक द्वारा आंगणित अन्तरिम शुल्क की 20 प्रतिशत धनराशि अग्रिम रूप से नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय जिला पंचायत में जमा करनी होगी। इसके उपरान्त ही नक्शे के विषय में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबंध यह है कि नक्शा पारित होने के स्तर पर आवेदक मांगपत्र के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि शुल्क जमा करता है, तो उक्त धनराशि समायोजित (Adjust) हो जायेगी। अन्यथा की दशा में जमा धनराशि जब्त हो जायेगी।

9–जिला पंचायत के अभियन्ता द्वारा परियोजना की संभाव्यता (Possibility), सुगमता (Convenience), साध्यता (Feasibility), तकनीकी जांच व जिला पंचायत भवन उपविधि में तकनीकि प्रावधानों एवं नक्शों का परीक्षण किया जायेगा। आवश्यकता समझने पर नक्शों में संशोधन हेतु आवेदनकर्ता को निर्देशित किया जायेगा।

10–अभियन्ता द्वारा परियोजना तकनीकी दृष्टि से सुस्थित (Sound) पाये जाने पर अपनी तकनीकी आख्या अपर मुख्य अधिकारी को अधिकतम 15 दिन में प्रस्तुत करनी होगी। अवर अभियन्ता से आंगणित शुल्क की धनराशि का विवरण प्रतिपरीक्षण (Cross Verification) कराके तकनीकी आख्या के साथ संलग्न करना होगा।

11–अपर मुख्य अधिकारी उक्त आख्या प्राप्त होने पर कार्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा प्राप्त आख्याओं का परीक्षण करके आवेदक को शुल्क जमा करने का मांगपत्र जारी करेंगे जिसमें आवेदक को शुल्क जमा करने के लिये एक माह का समय दिया जायेगा।

12–आवेदक द्वारा नक्शा शुल्क निर्धारित समय में जमा कराना होगा। जिला निधि की रोकड़ बही में शुल्क की प्रविष्टि के उपरान्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा नक्शे की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

13–उपरोक्त समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को अनुज्ञा-पत्र अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से आवश्यक शर्तों के साथ जारी किया जायेगा। नक्शों पर अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

14–यदि जिला पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्ति के दो माह के भीतर आवेदक को कोई सूचना अथवा शुल्क की मांग पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो आवेदक द्वारा निर्धारित दो माह की अवधि के समाप्ति के दिनांक से 20 दिन के भीतर प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के संज्ञान में लिखित रूप से लाया जायेगा। यदि इस पर भी अपर मुख्य अधिकारी 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं करता है, तो पूर्व में प्रस्तुत नक्शा एवं निर्माण की स्वीकृति मानित स्वीकृति (Deemed Sanction) मानी जायेगी।

विवाद–उक्त कार्यवाही में किसी विवाद होने की दशा में या स्वीकृत नक्शा किन्हीं कारणों से निरस्त होने की की दशा में या ऐसी कार्यवाही उत्पन्न होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रकरण अध्यक्ष, जिला पंचायत को संदर्भित किया जायेगा। जिसमें उनको अपना अनुदेश ऐसे प्रकरण की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर देना होगा एवं उनका ये आदेश उभयपक्षों पर बन्धनकारी होगा।

(त) सामान्य अनुदेश (General Instructions)

1–भारत सरकार अथवा उ0प्र0 सरकार एवं पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक, इमारत या स्थल के 200 मीटर के दायरे में निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी। 200 मीटर से 1.50 किमी0 के दायरे में निर्माण की मंजिलों एवं ऊंचाई की अनुमति, तत्समय आवश्यक और उचित कारण सहित दी जायेगी।

2–भूखंड की सीमा से बाहर कोई निर्माण अनुमन्य नहीं होगा।

3–भवन के भू-तल पर स्टिल्ट पार्किंग (Stilt Parking), वाहन पार्किंग, बेसमेन्ट वाहन पार्किंग, भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव व सेवा तल (Service Floor) भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव इत्यादि हेतु उपयोग किया जाय तो इनका क्षेत्रफल एफ0ए0आर0 में शामिल नहीं होगा।

4–निकटमत हवाई अड्डा चाहे विमानपत्तन प्राधिकरण (Airport Authority) द्वारा नियन्त्रित हो या रक्षा विभाग अथवा अन्य शासकीय विभाग द्वारा नियन्त्रित हो के पांच किमी0 की परिधि में 30 मी0 से ऊंचे भवन के आवेदनकर्ता को उक्त वर्णित प्रतिष्ठानों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना होगा।

5–उपरोक्त उपविधि में सभी बातों के होते हुये भी जिला पंचायत यदि उचित व आवश्यक समझे तो, कारणों का उल्लेख करते हुये किसी भवन में भू-आच्छादन, फ्लोर एरिया रेसियो (FAR) अथवा अधिकतम ऊंचाई में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर सकती है।

6–उपरोक्त सूची में उल्लिखित भवनों एवं गतिविधियों के नियमों व विनियमों का निर्धारण, जिला पंचायत द्वारा इस प्रकार के समकक्ष (Similar) भवनों एवं गतिविधियों के लिये निर्धारित उपविधियों के अनुसार किया जायेगा।

7–मल्टी लेवल पार्किंग में संरचनात्मक एवं सुरक्षा की शर्तों के अधीन अधिकतम दो बेसमेन्ट अनुमन्य होंगे।

8–इन उपविधियों के अधीन जारी अनुज्ञा जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिये वैध एवं मान्य होगी।

9–इन उपविधियों का पालन न करने की दशा में सम्बन्धित उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध सी0आर0पी0सी0 की धारा 133 के अर्न्तगत जिला पंचायत द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

(थ) अनुज्ञा की शर्तें

अनुज्ञा-पत्र जारी होने के उपरान्त यदि यह संज्ञान में आये कि नक्शे स्वीकृति हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख फर्जी है अथवा गलत विवरण दिया गया है तो जिला पंचायत द्वारा दी गयी नक्शों की स्वीकृति निरस्त की जा सकती है, किया निर्माण ध्वस्त किया जा सकता है अथवा सील (Seal) किया जा सकता है।

(क) अपर मुख्य अधिकारी को अधिकार होगा कि वह, अभियन्ता जिला पंचायत, की संस्तुति पर वास्तुविद् द्वारा प्रस्तुत नक्शों में संशोधन अथवा परिवर्तन कर दे अथवा स्वीकार कर दें।

(ख) पंजीकृत वास्तुविद् द्वारा तैयार एवं हस्ताक्षरित नक्शे ही मान्य होंगे। परियोजना का डिजाईन वास्तुविद् के अर्न्तगत कार्य करने वाले योग्य अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा।

(ग) कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, फर्म या संस्था, राजकीय विभाग अथवा ठेकेदार आदि द्वारा प्रस्तावित मानचित्र जिला पंचायत से स्वीकृत होने के बावजूद अन्य उन सभी विभागों से जिनसे लाइसेंस/अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है, अनुमति प्राप्त करने का उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

(द) दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, शामली यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा वह अर्थदण्ड से दण्डित होगा, जो अंकन रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक होगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक अपराध के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है रु0 50.00 (पच्चास रुपये मात्र) प्रतिदिन हो सकेगा अथवा अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाये तो कारावास से दण्डित किया जायेगा, जो तीन माह तक हो सकेगा।

ए0 वी0 राजमौलि,
आयुक्त,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

पी0एस0यू0पी0–42 हिन्दी गजट–भाग-3–2021 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 16 जनवरी, 2021 ई० (पौष 26, 1942 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, आदर्श नगर पंचायत खागा, फतेहपुर

12 अक्टूबर, 2020 ई0

सं0 172/न0पं0खागा/वर्ष 2020-21–नगर पंचायत खागा जनपद, फतेहपुर समिति बैठक दिनांक 24 सितम्बर, 2020 में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव संख्या 02 के क्रम में एवं उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत, खागा के क्षेत्रों में व्यवसायिक एवं आवासीय भवन, छवि गृह, शीतगृह, नर्सिंग होम, शॉपिंग मॉल हेतु निम्न वर्णित उपविधि बनायी गयी है। जिसे उक्त ऐक्ट की धारा 301(1) के अन्तर्गत सर्वसाधारण के सूचनार्थ, सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित किया जा रहा है, जिसकी अवधि प्रकाशन तिथि से 35 दिवस की होगी। समयोपरान्त प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा :

उपविधियां

1–''नगर पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

2–''अध्यक्ष'' का तात्पर्य अध्यक्ष, नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

3–''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

4–''लाईसेन्स अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

5–''सक्षम अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

6–''तकनीकी अधिकारी'' का तात्पर्य अवर अभियन्ता, नगर पंचायत खागा, फतेहपुर से है।

7–''नक्शा नवीस आर्किटेक्ट या इंजीनियर'' का तात्पर्य अर्हता उत्तीर्ण लाईसेन्स युक्त नगर पंचायत, खागा द्वारा अधिकृत सक्षम व्यक्ति/संस्था से है।

8–''जनपद'' का तात्पर्य जनपद फतेहपुर से है।

9–''नगर क्षेत्र'' का तात्पर्य नगर पंचायत खागा के क्षेत्र से है।

10–''भवन'' का तात्पर्य नगर क्षेत्र के आवासीय भवन, ग्रुप हाउसिंग, होटल (खानपान एवं खानपान के साथ ठहरना), नर्सिंग होम, फार्म हाउस, पेट्रोलिंग स्टेशन, एल0पी0जी0 गैस गोदाम, डेरी फार्म, शॉपिंग माल, मल्टी

काम्प्लेक्स, छवि गृह/सभा भवन, कन्वीनियन्स स्टोर, बारात घर/उत्सव भवन, शीत गृह, अतिथि गृह, व्यक्तिगत/संस्थागत शिक्षण संस्थान व औद्योगिक भवन आदि से है।

11—यह उपविधियां नगर पंचायत खागा, फतेहपुर के समस्त नगर क्षेत्र के भवनों को नियंत्रित एवं विनियमित करने सम्बन्धी उपविधि कहलायेगी।

12—यह उपविधियां नगर पंचायत के समस्त नगर क्षेत्र तथा भविष्य में विकसित नगर क्षेत्र में निर्मित होने वाले भवनों पर प्रभावी होंगी।

1—कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, फर्म, संस्था आदि, नगर पंचायत के नगर क्षेत्र में भवन को अपनी निजी/किराये पर/पट्टे पर ली गई या अन्य साधन से अर्जित की गई भूमि पर नगर पंचायत की पूर्व अनुमति के बिना न कोई नवीन भवन का निर्माण कर सकता है और न ही अपने पुराने भवन में फेर बदल कर सकता है। यह उपविधि नगर क्षेत्र में भवनों के निर्माण किये जाने पर प्रभावी होगी।

2—नगर क्षेत्र में नवीन निर्माण और पुराने भवनों में परिवर्तन करने से पूर्व कम से कम तीन मास पूर्व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर अधिशासी अधिकारी/लाईसेन्स अधिकारी को निर्माण के लिये नक्शा स्वीकृति हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना होगा। समस्त औपचारिकतायें पूर्ण होने पर उक्त अवधि मान्य होगी। आवेदन-पत्र की स्वीकृति हेतु निम्नलिखित अभिलेख-पत्र आदि एवं सूचनाओं का विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा—

(क) प्रस्तावित निर्माण स्थल का नक्शा, लाईसेन्स प्राप्त आर्किटेक्ट या इंजीनियर यथा नक्शा नवीस द्वारा तैयार व हस्ताक्षरित नक्शा होगा, यह नक्शा 1:100 पैमाना (एम0के0एस0 पद्धति) पर तैयार होगा।

(ख) स्थल की भूमि का संक्षिप्त विवरण भूमि स्वामियों के नाम सहित चारों दिशाओं का विवरण स्वामियों के नाम सहित प्रसिद्ध स्थायी चिन्हित भवन, सड़क को अंकित कर साईट प्लान तैयार कर लगाना होगा।

(ग) समीपवर्ती राष्ट्रीय/प्रान्तीय/जनपदीय मार्ग का नाम निर्दिष्ट करते हुये प्रस्तावित भवन से दूरी का विवरण देना होगा।

(घ) राष्ट्रीय/प्रान्तीय/नगर पंचायत मार्ग के पास से केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई दूरी प्रस्तावित भवन स्थल की साईट प्लान में अंकित करना तथा मार्ग की भूमि की माप अंकित कर नक्शा तैयार करना होगा।

(ङ) प्रस्तावित भवन के स्थल के साथ भूमि के स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख (विक्रय-पत्र) स्थानान्तरित सम्बन्धी अभिलेख (हस्तान्तरण अभिलेख) व अन्य विधि मान्य अभिलेखों की सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना होगा तथा अद्यतन की सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत खाता संख्या/खसरा खतौनी संलग्न करनी होगी।

(च) नगर पंचायत द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई प्रार्थना-पत्र शुल्क जमा कर नगर पंचायत द्वारा निर्गत रसीद जमा करनी होगी। शुल्क का विवरण निम्नवत् है :

आवेदन शुल्क—

आवासीय हेतु—रु0 100.00 प्रतिवर्गमीटर (कवर्ड एरिया), व्यवसायिक भवन—रु0 200.00 प्रतिवर्गमीटर (कवर्ड एरिया)

मलबा शुल्क—रु0 05.00 प्रतिवर्गमीटर (निर्माण हेतु प्रस्तावित क्षेत्र)

विकास शुल्क—

आवासीय हेतु—रु0 15.00 प्रतिवर्गमीटर (भू-तल, कवर्ड एरिया), रु0 08.00 प्रतिवर्गमीटर (अन्य तल, कवर्ड एरिया)

व्यापारिक भवन—रु0 35.00 प्रतिवर्गमीटर (भू-तल, कवर्ड एरिया), रु0 25.00 प्रतिवर्गमीटर (अन्य तल, कवर्ड एरिया)

3—प्रस्तावित भवन का विस्तृत नक्शा निर्धारित पैमाने पर निम्नानुसार तैयार करना होगा—

(क) प्रत्येक तल का नक्शा विस्तृत (सेक्शन एलीवेशन, प्लान एलीवेशन तथा फ्रन्ट व साइड बीम, दरवाजे, खिड़की, रोशनदान, शौचालय, जीने आदि के विस्तृत विवरण के साथ विस्तृत विशिष्टियों का विवरण सहित)।

(ख) नक्शा नवीस एवं आर्किटेक्ट का हस्ताक्षर नाम व पते सहित।

(ग) प्रस्तावित भवन का उद्देश्य— (1) निजी आवास हेतु। (2) व्यवसाय/व्यापार हेतु। (3) आवास/दुकान विक्रय या किराये हेतु। (4) जनहितार्थ (पूर्ण विवरण सहित)। (5) शिक्षण संस्थान हेतु। (6) अन्य भवन

(ग्रुप हाउसिंग, नर्सिंग होम, फार्म हाउस, शापिंग माल, मल्टी काम्पलेक्स, छवि गृह, सभा भवन, बारात घर/उत्सव भवन, शीत गृह, अतिथि गृह, औद्योगिक भवन आदि) पूर्ण विवरण सहित।

4—नगर पंचायत द्वारा मानचित्र स्वीकृति प्राप्त होने की तिथि से छः माह के अन्दर प्रत्येक दशा में कार्य प्रारम्भ करना होगा। यदि किसी कारण निर्धारित अवधि में कार्य प्रारम्भ नहीं होता है तो आवेदक द्वारा समय वृद्धि हेतु लाइसेन्स अधिकारी के समक्ष प्रार्थना-पत्र उचित कारण के प्रमाण के साथ प्रस्तुत करना होगा, लाइसेन्स अधिकारी को समय वृद्धि को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार होगा। किन्तु कार्य प्रारम्भ करने की अवधि एक वर्ष से अधिक न होगी।

5—मानचित्र की स्वीकृति निर्गत होने के उपरान्त आवेदक द्वारा स्वीकृत मानचित्र व शर्तों के विपरीत निर्माणाधीन कार्य नगर पंचायत के सक्षम अधिकारी या क्षेत्रीय कर्मचारियों को निरीक्षण में होना पाया जाता है तो लाइसेन्स अधिकारी को स्वीकृति निरस्त करने का अधिकार होगा तथा अवैध निर्माण को तोड़ने का अधिकार नगर पंचायत को होगा तथा समक्ष मा0 न्यायालय में वाद योजित करने का अधिकार भी नगर पंचायत को होगा।

6—भवन की कोई भी साइड किसी राष्ट्रीय/प्रान्तीय/जनपदीय या पार्क की ओर आती है तो सड़क व पार्क की ओर 1.50 मीटर चौड़ाई में खुला छोड़ना होगा।

7—आवासीय व जनहितार्थ भवन के साथ सुलभ शौचालय आवश्यकतानुसार निर्माण करना होगा तथा स्वास्थ्य सुविधायें जन स्वास्थ्य नियमावली के आधार पर निम्नानुसार प्राविधान रखना होगा :

(क) शौचालयों को सड़क व गली की ओर खुला नहीं रखना होगा।

(ख) शौचालयों का प्राविधान मल आदि की पर्याप्त सफाई को ध्यान में रखकर करना होगा।

8—भवन की कुर्सी उच्चतम भूमि तल से कम से कम 30.00 से0मी0 तथा अधिकतम 45.00 से0मी0 ऊंची रखनी होगी।

9—बेसमेन्ट निर्माण की अनुमति नगर पंचायत से ली जानी आवश्यक है तथा उसकी निर्धारित दरें देय होगी तथा बेसमेन्ट बनाने हेतु अग्निशमन यंत्र स्थापित करना अनिवार्य होगा एवं बेसमेन्ट की छत भू-तल से इतनी ऊंचाई पर की जानी होगी जिससे वायु एवं प्रकाश का आवागमन हो सके। बेसमेन्ट का निर्माण चारों तरफ से 2—2 मीटर भूमि छोड़कर करवाना होगा।

10—भवन के एक या एक से अधिक तलों पर पहुंचने हेतु जीने का प्राविधान रखना होगा। जिसकी चौड़ाई कम से कम 90.00 से0मी0 रखनी होगी तथा साइज की माप 23.00 से0मी0 से अधिक व ट्रेड की माप 30 से0मी0 से कम नहीं रखनी होगी और रोशनी की समुचित व्यवस्था का प्राविधान रखना होगा।

11—आवेदक द्वारा प्रस्तुत नक्शे में कोई भी संशोधन/परिवर्तन करने का तथा यथास्थिति में समय अवधि के उपरान्त पुनः स्वीकार करने का अधिकार लाइसेन्स अधिकारी को होगा।

12—भवन आदि निर्माण के लिये प्रदत्त आज्ञा केवल निर्माण कार्य की ही होगी और कथित भूमि सम्पत्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

13—पुनः निर्माण परिवर्तन करने हेतु या यथास्थिति में अवधि उपरान्त पुनः नक्शा स्वीकृति हेतु आवेदक को उपविधि की 2(च) के अनुसार निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद के साथ प्रार्थना-पत्र देय होगा। बिना शुल्क के प्रार्थना-पत्र मान्य नहीं होगा।

14—नगर पंचायत, खागा द्वारा अधिकृत लाईसेन्सधारी नक्शा नवीस आर्किटेक्ट व इंजीनियर के द्वारा बनाया नक्शा ही स्वीकार होगा।

15—नक्शा नवीस आर्किटेक्ट व इंजीनियर के लाईसेन्स की अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च तक की होगी जिसका पंजीकरण शुल्क रुपये 5,000.00 प्रति वर्ष होगा तथा शर्तें नगर पंचायत ठेकेदारी लाईसेन्स रजिस्ट्रेशन के समान होगी।

16—उपविधियों के उल्लंघन की स्थिति में अधिशासी अधिकारी को उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध अवैध निर्माण क्षतिपूर्ति की वसूली हेतु माननीय न्यायालय में वाद योजित करने का अधिकार होगा। वाद योजित होने की स्थिति में निस्तारण के समय 20 प्रतिशत समझौता शुल्क व वाद व्यय अदा करना होगा।

17—व्यावसायिक भवन के मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

18—लोक निर्माण विभाग की सड़क किनारे प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है।

19—जो भवन पूर्व से निर्मित है जनसुविधा एवं संरक्षा की दृष्टि से उनका नियमितीकरण कराने का उत्तरदायित्व भवन स्वामी का होगा तथा नियमितीकरण इन उपविधियों के लागू होने के एक वर्ष के अन्दर कराना अनिवार्य होगा।

20—नक्शा स्वीकृति के उपरान्त भवन स्वामी को सूचना के 01 माह के भीतर शुल्क अदाकर रसीद अनुज्ञा प्राप्त करनी होगी। शुल्क निम्न प्रकार है :

(1) आवासीय भवन हेतु प्रथम 100 वर्गमीटर तक छपे भाग (कवर्ड एरिया) पर रु0 1,000.00 तथा अतिरिक्त प्रति 10 वर्गमीटर तक छपे भाग (कवर्ड एरिया) पर रु0 100.00 देय होगा।

(2) व्यापारिक संस्थान हेतु प्रथम 50 वर्गमीटर तक छपे कुल भाग (कवर्ड एरिया) पर रु0 1,000.00 तथा अतिरिक्त प्रति 10 वर्ग मीटर या उसके भाग के लिये रु0 200.00 देय होगा।

(3) बेसमेन्ट हेतु दर प्रति 10 वर्गमीटर रु0 500.00 देय होगा।

(4) पूर्व निर्माण, परिवर्तन के लिये भी शुल्क नव निर्माण के बराबर देय होगा।

(5) अवधि बढ़ाये जाने वाले प्रार्थना-पत्र का शुल्क रु0 50.00 देय होगा।

(6) भवन या सम्पत्ति की चहारदीवारी के निर्माण शुल्क रु0 50.00 प्रति 100 मीटर या उसके भाग पर होगा।

(7) मानचित्र की स्वीकृति निर्गत होने के 1 माह के अन्दर आवेदक नगर पंचायत को निर्धारित शुल्क अदा कर अनुज्ञा प्राप्त करने की स्थिति में रु0 100.00 मासिक विलम्ब शुल्क जमा करना होगा।

(8) सभी आवेदकों को अपने आवेदन के साथ यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उक्त भवन में कोई भी गैर कानूनी/अवैधानिक कार्य नहीं करेंगे।

(9) लाईसेन्स अधिकारी/अधिशासी अधिकारी के किसी भी निर्णय के विरुद्ध तीस दिन के अन्दर अध्यक्ष के सन्मुख आवेदन पर अपील की जा सकती है। अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।

(10) उपविधि में संशोधन करने पर सम्पूर्ण अधिकार नगर पंचायत खागा, फतेहपुर समिति के 3/4 बहुमत द्वारा किया जा सकता है।

दण्ड

नगर पंचायत खागा, फतेहपुर उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298, 178, 179, 180, 181, 182, 183, 184, 185, 186 अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों को प्रयोग करते हुये निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इन उपविधियों के किसी उपविधि का किसी भी तरह से उल्लंघन करता है तो उसका उल्लंघन, अर्थ दण्डनीय होगा, जो रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये) तक हो सकता है और जब ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड से दण्डित होगा, जो प्रथम दोष सिद्ध के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, रु0 50.00 (पचास रुपये) तक का, यदि अर्थ दण्ड का भुगतान न किया जाये तो करावास से दण्डनीय होगा। जो तीन माह से कम न होगा।

गीता सिंह,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत खागा,
फतेहपुर।

उत्तर प्रदेश, आवास एवं विकास परिषद्, लखनऊ

[भूमि अर्जन अनुभाग]

18 दिसम्बर, 2020 ई0

सूचना

(उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् अधिनियम 1965 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 1, 1966) की धारा 28 के अन्तर्गत नोटिस)

संख्या 2560/एल0ए0सी0/एच0क्यू0–उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् ने लखनऊ नगर की बढ़ती हुई आवासीय समस्या के निराकरण हेतु आवासीय योजना "नई जेल रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना मोहनलाल गंज, लखनऊ" बनायी है। योजना में समाविष्ट क्षेत्र की सीमायें निम्न प्रकार हैं–

उत्तर–खसरा संख्या 118, 119, 120, 121, 122, 115, 114, 113, शारदा नहर ग्राम–हबुआपुर, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ व शारदा नहर, ग्राम–सिठौली कला, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ।

पूरब–खसरा संख्या 531, 532, 533, 534, 537, 538, ग्राम–सिठौली कलां, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ व खसरा संख्या 95, 93 भाग 94, भाग 108, 109, 110, 113, 91, 90, 91, 81 भाग (सिठौली कलां लिंक मार्ग, ग्राम–सिठौली खुर्द परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ एवं खसरा संख्या 72, 73, 70, भाग 71, भाग 72, 305, भाग 300, 301, 302, 305, भाग 57, 55, भाग 54, भाग 51, 311, भाग 49, भाग 312, भाग (नहर), 331, 337, 338, 352, 351, 363, भाग 393, भाग 398, 390, 389, 388, ग्राम–सिठौली खुर्द, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ।

दक्षिण–खसरा संख्या 48 (नाला), 47, 46, 45, 38, 27, 26, 23, 21, 20, 4, 1, ग्राम–सेमरा पीतपुर, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ व खसरा संख्या 696, 695, 694, 693, (नहर), 690, 689 भाग, 688, 668, 667, 666, 665, 672 ग्राम–मोहारी कला, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ।

पश्चिम–गोसाईगंज से मोहनलाल गंज रोड (राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 56 बी0, नई जेल रोड) ग्राम–मोहारी कला, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ व गोसाईगंज से मोहनलाल गंज रोड (राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 56बी0, नई जेल रोड) ग्राम–हबुआपुर, परगना व तहसील–मोहनलाल गंज, जिला–लखनऊ।

योजना में समाविष्ट भूमि का विवरण व मानचित्र, कार्यालय आवास आयुक्त, (भूमि अर्जन अनुभाग) उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, 104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ अथवा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-8, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, द्वितीय तल, आफिस काम्प्लेक्स, भूतनाथ मार्केट, इन्दिरा नगर, लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक देखे जा सकते हैं।

योजना क्षेत्र में स्थित निर्माणों के भू-स्वामियों पर उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् अधिनियम, 1965 के प्राविधानों के अनुसार बेटरमेन्ट फी/विकास व्यय भी अधिभारित होगा।

योजना के विपरीत आपत्तियों को, इस नोटिस के प्रथम बार उ0प्र0 गजट के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के अन्दर, कार्यालय आवास आयुक्त, (भूमि अर्जन अनुभाग) उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, 104 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ अथवा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-8, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, द्वितीय तल, आफिस काम्प्लेक्स, भूतनाथ मार्केट, इन्दिरा नगर, लखनऊ में ली जायेंगी। निर्धारित समय के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। आपत्ति में योजना का सही नाम व योजना में समाविष्ट आपत्तिकर्ता की भूमि/भवन/ग्राम का नाम/खसरा नम्बर/भूमि का क्षेत्रफल एवं अन्य सभी विवरण स्पष्ट रूप से अंकित होने चाहिये।

अजय चौहान,
आवास आयुक्त।

UTTAR PRADESH AVAS EVAM VIKAS PARISHAD, LUCKNOW

[LAND ACQUISITION SECTION]

December 18, 2020

NOTICE

(Notice under section 28 of the U.P. Avas Evam Vikas Parishad Adhiniyam, 1965, U.P. Act. No. 1, 1966)

No. 2560/LAC/HQ–The U.P. Awas Evam Vikas Parishad has framed a scheme, called "New Jail Road, Bhoomi Vikas Evam Grihasthan Yojana Mohanlalganj, Lucknow" to solve the housing problem of the Lucknow City. The boundaries of the comprised area in the scheme are as follows :

North-Khasra no. 118, 119, 120, 121, 122, 115, 114, 113, Sharda Canal Village-Habuwapur, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow, Sharda Canal, Village-Sithauli Kala, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow.

East-Khasra no. 531, 532, 533, 534, 537, 538 Village-Sithauli Kala, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow & Khasra no. 95, 93 Part 94, Part, 108, 109, 110, 113, 91, 90, 91, 81 Part (Sithauli Kala Link Road, Village-Sithauli Khurd, Pargana & Tahsil-Mohanlalaganj, District-Lucknow) & Khasra no. 72, 73, 70, Part, 71, Part 72, 305, Part 300, 301, 302, 305, Part 57, 55, Part, 54, Part 51, 311, Part 49, Part 312, Part (Canal), 331, 337, 338, 352, 351, 363, Part 393, Part 398, 390, 389, 388, Village-Sithauli Khurd, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow.

South-Khasra no. 48 (Drain), 47, 46, 45, 38, 27, 26, 23, 21, 20, 4, 1, Village-Semra Peetpur, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow & Khasra no. 696, 695, 694, 693 (Canal), 690, 689, Part 688, 668, 667, 666, 665, 672, Village-Mohari Kala, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow.

West-Gosainganj to Mohanlalganj Road, (N.H. No.- 56B. New Jail Road) Village-Mohari Kala, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow & Gosainganj to Mohanlalganj Road, (N.H. No. 56B. New Jail Road), Village-Habuwa, Pargana & Tahsil-Mohanlalganj, District-Lucknow.

The details of Land, falling under the scheme and map can be seen in the Office of Housing Commissioner (Land Acquisition Section), U.P. Avas Evam Vikas Parishad, 104 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow or in the Office of Executive Engineer, Construction Division-8, U.P. Awas Evam Vikas Prishad, 2nd floor, Office Complex, Bhootnath Market, Indira Nagar, Lucknow on any working day between 11:00 a. m. to 3:00 p.m.

Land Owners will be lible to pay Betterment fee/Development charges of their situated structures in the scheme according to requisite rules/provisions of U.P. Avas Evam Vikas Parishad Adhiniyam,1965.

Objections against the scheme shall be received at the Office of Housing Commissioner (Land Acquisition Section), U.P. Avas Evam Vikas Parishad, 104 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow or in the Office of Executive Engineer, Construction Division-08, U.P. Awas Evam Vikas Prishad, 2nd floor, Office Complex, Bhootnath Market, Indira Nagar, Lucknow within 30 days from the first publication in Uttar Pradesh, Gazette of this notice. After passing the due date, no Objection shall be considered. Correct name and Land/Building/Name of Village/Khasra Number/Area of Land and all other details of objectioner comprised in scheme should be mentioned clearly.

AJAY CHAUHAN,
Housing Commissioner.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "गुलाम रहमानी-गुलाम हक्कानी", बाजार नसरुल्ला खां, जिला रामपुर (यू0पी0) नामक फर्म में दिनांक 16 फरवरी, 2011 को मौ0 इस्हाक पुत्र श्री गुलाम रहमानी, निवासी घेर सैफुद्दीन खां, रामपुर व दिनांक 22 जनवरी, 2016 को गुलाम हक्कानी पुत्र श्री गुलाम रब्बानी, निवासी घेर सैफुद्दीन खां, रामपुर का देहान्त हो गया है तथा दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मौ0 सुफयान इस्हाक पुत्र स्व0 मौ0 इस्हाक, निवासी घेर सैफुद्दीन खां, रामपुर व मौ0 फैजान इस्हाक पुत्र स्व0 मौ0 इस्हाक, निवासी सैफुद्दीन खां, रामपुर व मौ0 सुबहान इस्हाक पुत्र स्व0 मौ0 इस्हाक, निवासी सैफुद्दीन खां, रामपुर व मौ0 खालिद शमसी पुत्र स्व0 गुलाम हक्कानी, निवासी जिला कोर्ट रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर व मौ0 इकबाल शमसी पुत्र स्व0 गुलाम हक्कानी, निवासी डॉ0 अकील रजा लेन खास बाग रोड, रामपुर तथा मौ0 अकील शमसी पुत्र स्व0 गुलाम हक्कानी, निवासी सैफुद्दीन खां, रामपुर शामिल हो गये हैं तथा मृतक पार्टनरों की कोई देनदारी व लेनदारी उक्त फर्म पर बकाया नही है। अब वर्तमान में दस पार्टनर मौ0 याकूब व मौ0 इमरान व श्रीमती नाहिद इस्हाक व श्रीमती रोबिना याकूब व मौ0 सुफयान इस्हाक व मौ0 फैजान इस्हाक व मौ0 सुबहान इस्हाक, मौ0 खालिद शमसी व मौ0 इकबाल शमसी तथा मौ0 अकील शमसी रह गये हैं।

मौ0 याकूब,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "गुलाम रहमानी-गुलाम हक्कानी",
बाजार नसरूल्ला खां, जिला रामपुर (यू0पी0)।

NOTICE

This is to inform general public that I, Sanjeev Datta S/o Shri H. C. Datta, Vam Organic Chemical Ltd. Bhartia Gram Gajraula had purchased 400 equity shares (Including Bonus Shares) of Tata Elxsi Ltd. with registered follo No. EXS0002941. In the share certificate my name was printed as Sanjay Dutta by mistake, where as my actual name is Sanjeev Datta S/o Shri H. C. Datta, may present address is Near Jain Mandir Friends Colony, Budh Nagar, Gajraula, Dhanora, District Amroha. I shall be known as Sanjeev Datta only in future.

Sanjeev Datta S/o. Shri H. C. Datta,
Present Address: Near Jain Mandir,
Friends Colony, Budh Nagar, Gajraula,
Dhanora, District Amroha.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस अभिलेख में मेरे पुत्र का नाम संगम अवस्थी अंकित है, जबकि उसे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार में सान्निध्य अवस्थी अंकित है। अब मेरे पुत्र का नाम सान्निध्य अवस्थी पुत्र संतोष अवस्थी पढ़ा एवं लिखा समझा जाये।

संतोष अवस्थी,
नि0-656/6 प्लाट नं0 29 सुषमानगर,
गोल्डेन सिटी जाहिरापुर, गुडम्बा, लखनऊ।

सूचना

मे0 यूनाइटेड टेलीकाम पुल गालिब कायमगंज, फर्रुखाबाद में सुरेश चन्द्र गंगवार को फर्म में 31 मार्च, 2018 से साझीदार बनाया है तथा महेश चन्द्र शर्मा इस फर्म से 31 मार्च, 2018 दोपहर 2.00 बजे से इच्छानुसार रिटायर हुये हैं। सुरेश चन्द्र गंगवार पुत्र बृजभान सिंह गंगवार, ग्राम मेदपुर, पो0 रायपुर, कायमगंज, फर्रुखाबाद।

सतीश चन्द्र गंगवार,
मे0 युनाइटेड टेलीकाम पुल गालिब,
टेलीफोन एक्सचेन्ज के पास कायमगंज,
जिला फर्रुखाबाद-207502।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म श्री दुर्गा इण्डस्ट्रीज, ई-45, इण्डस्ट्रीयल एरिया, गोरखपुर, जिसका पंजीकरण संख्या जी-130, दिनांक 14 अगस्त, 1995 है, जिसमें श्री अम्बरीश कुमार अग्रवाल, श्री अखिलेश कुमार अग्रवाल पुत्रगण स्व0 गौरी शंकर दास अग्रवाल व श्रीमती सुमन अग्रवाल पत्नी श्री अम्बरीश कुमार अग्रवाल, दिनांक 01 जनवरी, 2008 से 31 मार्च, 2020 तक साझीदार रहे, जिसमें से श्री अम्बरीश कुमार अग्रवाल व श्रीमती सुमन अग्रवाल, दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से फर्म से अलग हो गये हैं तथा उनके ऊपर कोई

लेन-देन शेष नहीं है। दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से श्रीमती तृप्ति अग्रवाल पत्नी श्री नितेश अग्रवाल उक्त फर्म में साझीदार के रूप में सम्मिलित हुई हैं।

एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचाकितायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

अखिलेश कुमार अग्रवाल,
साझीदार,
श्री दुर्गा इण्डस्ट्रीज, गोरखपुर।

सूचना

मेसर्स बजरंग इण्टर प्राइजेज डी-38/75 हौज कटौरा वाराणसी फर्म में तीन साझेदार हैं जिसमें एक नये साझेदार तिलोत्मा देवी पत्नी श्री प्रेम नारायण सिंह, निवासी डी-38/75, हौज कटौरा, जिला वाराणसी नियुक्त हुई हैं। अब फर्म में चार साझेदार हैं। जो निम्नलिखित हैं–मनोज कुमार सिंह, मयंक जैन, जय शंकर सिंह, तिलोत्मा देवी है।

पार्टनर,
मनोज कुमार सिंह।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स रिद्धी इन्फ्रास्ट्रक्चर, 13/79, वसुन्धरा, गाजियाबाद-201012 की साझीदारी में श्री यमन सोलंकी एवं श्री मनमोहन शर्मा साझीदार थे। दिनांक 01 अप्रैल, 2020 की दीक्षा सिंह फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुई हैं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को श्री मनमोहन शर्मा फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये हैं। फर्म में वर्तमान में श्री यमन सोलंकी एवं दीक्षा सिंह साझीदार हैं। साथ ही श्री यमन सोलंकी साझीदार का पता परिवर्तित "फ्लैट नं0-404, 4वां तल, एम्रल्ड टावर, लॉ रॉयले, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद" हो गया है। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

यमन सोलंकी,
साझीदार,
मेसर्स रिद्धी इन्फ्रास्ट्रक्चर,
13/79, वसुन्धरा, गाजियाबाद-201012।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स ए0बी0 इण्टर प्राइजेज, पता-सी-79, सेक्टर-बी, नियर अलीगंज पुलिस स्टेशन, अलीगंज, लखनऊ, जिसका रजि0 नं0 204074, दिनांक 07 फरवरी, 2018 को पंजीकृत है, उक्त फर्म में प्रथम पक्ष, अभिषेक विसारिया द्वितीय पक्ष, श्री अभिषेक कन्डवाल तथा तृतीय पक्ष, श्री विपिन जायसवाल साझीदार थे। प्रथम पक्ष, अभिषेक विसारिया द्वितीय पक्ष, श्री अभिषेक कन्डवाल तथा तृतीय पक्ष, श्री विपिन जायसवाल, दिनांक 31 जनवरी, 2017 तक साझीदार बने रहे। दिनांक 31 जनवरी, 2017 को श्री विपिन जायसवाल साझीदारी से अलग हो गये व प्रथम पक्ष, अभिषेक विसारिया द्वितीय पक्ष, श्री अभिषेक कन्डवाल साझीदार होंगे, तत्पश्चात् दिनांक 08 जनवरी, 2020 में अभिषेक विसारिया का निधन हो गया है, श्री अनिल कुमार विसारिया को दिनांक 08 जनवरी, 2020 (मिड नाइट) साझीदारी में सम्मिलित किया गया। दिनांक 10 नवम्बर 2020 को श्री अनिल कुमार विसारिया साझदारी से अलग हो गये हैं एवं दिनांक 10 नवम्बर, 2020 से श्री अभिषेक खन्ना को साझीदारी में सम्मिलित किया गया। वर्तमान में उक्त फर्म में प्रथम पार्टनर अभिषेक कन्डवाल तथा अभिषेक खन्ना साझीदार होंगे।

दिनांक 08 जनवरी, 2020 से उक्त फर्म का पता सी-79, सेक्टर-बी, नियर अलीगंज पुलिस स्टेशन, अलीगंज, लखनऊ से परिवर्तित कर बी-1/44, सेक्टर-जे, अलीगंज, लखनऊ परिवर्तित किया गया है।

अभिषेक कन्डवाल,
पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जे0बी0 श्री निवास इन्फ्राहाईट एण्ड डेवलपर्स, पता–2, फ्लोर, श्री प्रताप टावर, अपोजिट फिनिक्स मॉल पार्किंग गेट नं0 3, आलमबाग, कानपुर रोड, लखनऊ, जिसका रजि0 नं0 एल0यू0सी0/0006013, दिनांक 19 फरवरी, 2020 को पंजीकृत है, उक्त फर्म में प्रथम पार्टनर अजय कुमार, द्वितीय पार्टनर विकास कुमार श्रीवास्तव, तृतीय पार्टनर वासुदेव कुमार, चतुर्थ पार्टनर राजेश कुमार, पंचम पार्टनर प्रीति डेम्बरा, षष्ठम पार्टनर हर्षा देवी, सप्तम पार्टनर कनक डेम्बरा, अष्टम पार्टनर प्रियंका श्रीवास्तव व नवम् पार्टनर अलका श्रीवास्तव साझीदार थे। दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 को पंचम पार्टनर प्रीति डेम्बरा, षष्टम पार्टनर हर्षा देवी, सप्तम पार्टनर कनक डेम्बरा, अष्टम पार्टनर प्रियंका श्रीवास्तव व नवम् पार्टनर अलका

श्रीवास्तव साझीदारी से अलग हो गयी हैं व दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 से नये पार्टनर श्री महेन्द्र पवानी, जागेन्द्र पवानी, समीर मित्तल, मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल व श्रेय अग्रवाल साझीदारी में सम्मिलित हो गये हैं।

वर्तमान में 1–श्री अजय कुमार, 2–श्री विकास कुमार श्रीवास्तव, 3–श्री वासुदेव कुमार, 4–श्री राजेश कुमार, 5–श्री महेन्द्र पवानी, 6–जागेन्द्र पवानी, 7–समीर मित्तल, 8–मनीष अग्रवाल, 9–सुनील अग्रवाल व 10–श्रेय अग्रवाल साझीदार होंगे।

पार्टनर,
अजय कुमार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अभिनन्दन गुप्ता व शैलेश कुमार दोनों है। आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण-पत्र शैलेश कुमार नाम से है। अतः भविष्य में मुझे शैलेश कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये।

शैलेश कुमार,
पुत्र मुन्नू राम गुप्ता,
ग्राम बरदहा, पोस्ट करछना,
जिला प्रयागराज, पिन कोड-212301।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 वैश्य ट्रांसपोर्ट, वार्ड नं0-7, रामानुजमार्ग कसया रोड, देवरिया, जनपद देवरिया है। साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2017 पंजीयन क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स, गोरखपुर में पंजीकरण संख्या जी-4929, दिनांक 15 अप्रैल, 2017 को हुआ है। प्रथम साझेदार श्री राजकुमार मद्धेशिया पुत्र स्व0 रामऔतार मद्धेशिया, वार्ड नं-7, रामानुजमार्ग कसया रोड, देवरिया जनपद देवरिया एवं द्वितीय साझेदार श्री गुलबदन जायसवाल पुत्र स्व0 सहदेव जायसवाल, ग्राम जगदीश रामपुरकारखाना, जिला देवरिया हैं। द्वितीय साझेदार निष्क्रिय साझेदार थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 19 जुलाई, 2017 के पश्चात् साझेदारी समाप्त हो चुका है। फर्म विघटन डीड पर प्रथम की सभी कार्यवाही पूर्ण कर ली है। यह की हम प्रथम साझेदार स्वत्वधारी की हैसियत से अथवा अन्य साझेदार सम्मिलित कर फर्म चला सकेंगे। दिनांक 19 जुलाई, 2017 से फर्म विघटित हो गयी है।

राजकुमार मद्धेशिया।

सूचना

यह कि पंजीकृत फर्म मेसर्स "पृथ्वी राज किशन लाल" 50/153/127 ऊंचा मण्डी, प्रयागराज के पुरुषोत्तम नवलगड़िया का निधन दिनांक 18 अक्टूबर, 2020 को हो गया है तथा श्री आयुष नवलगड़िया पुत्र स्व0 पुरुषोत्तम नवलगड़िया, निवासी 50/153/127, ऊंचा मण्डी, प्रयागराज, साझीदार की हैसियत से उक्त फर्म में दिनांक 18 अक्टूबर, 2020 को शामिल हुये हैं।

पियूष नवलगड़िया,
साझीदार।

पी0एस0यू0पी0–42 हिन्दी गजट–भाग 8–2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।